दिनांकः–..23/10/2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार अन्तर्गत प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड् के मूल्यांकण हेतु गठित " निविदा समिति" की संपन्न बैठक की कार्यवाही

---

उपस्थिति–

श्री बी. कार्तिकेय धनजी – सचिव
श्री नित्यानन्द प्रसाद – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)
श्री अभय कुमार सिंह – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)
श्री दया शंकर प्रसाद – मुख्य अभियंता(दक्षिण बिहार)–सह–मुख्य अभियंता (रूपांकण)
श्री विजय कुमार – क्षेत्रीय मुख्य अभियंता (पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ)
श्री राम प्रवेश यादव – आंतरिक वित्तीय सलाहकार

विषयः– Comprehensive maintenance of Ward level water supply schemes (Quality affected), i/c the cost of chemicals, overhauling of filter media and related appurtenances, cleaning of ESR and campus, maintenance viz. cleaning painting of pump house, boundary wall, repair of leakages in distribution line, repair and provision of new FHTCs, repair and maintenance of pumps and other electromechanical components Operation of ward level piped water supply schemes (Quality affected) by deploying pump operators and payment of electricity charges etc. all complete as per the directions of Engineer-in-charge. in , applicable for the "HGNJ" project of P.H. Division, Katihar in 11 Nos PWS AND 2774 Nos WLS in different Wards of different Panchayat Under Block- Katihar, Pranpur, Barari, Manihari, Amdabad, Mansahi, Sonaili,Dandkhora, Hasanganj, Barsoi, Azamnagar, Balrampur, Kusela, Korha, Falka, Sameli Under P.H. Division, Katihar. **हेतु e-tendering के माध्यम से प्राप्त निविदा NIT No:-02/O&M-PWS-KTR-PHED 2026-27 GR-01, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार के ग्रुप संo:–01, Tender ID No. 130075 का दर बीड् के मूल्यांकण के संबंध में।**

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित कराई गई। प्राप्त **NIT No:-02/O&M-PWS-KTR-PHED 2026-27 GR-01, Tender ID No. 130075** का प्रिंट मिडिया एवं वेब मिडिया में व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया गया है। जिसमें निविदा प्राप्ति की तिथि 16.05.2026 अंकित थी। कार्यपालक अभियंता द्वारा इसे विस्तारित करते हुए दिनांक–21.05.2026 पुनः इसे विस्तारित करते हुए दिनांक 01.06.2026 को निविदा प्राप्त किया गया।

उक्त कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि 30233.91908 लाख रूपये है, के आमंत्रित निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया हैः–

| Sl. No. | Name of contractors |
|---|---|
| 1 | M/S AVIAN INFRASTRUCTURE & ENERGY PVT. LTD. |
| 2 | M/S NALANDA ENGICON PRIVATE LIMITED |

उपरोक्त निविदाकारों के तकनीकी बीड का मूल्यांकण विभागीय पत्रांक–6ए/वि01–1028/21–1145 पटना, दिनांक–03.07.2025 के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ की अध्यक्षता में गठित तकनीकी मूल्यांकण समिति द्वारा किया गया है। समिति की अनुशंसा के आलोक में उक्त आमंत्रित निविदा के उपरोक्त तालिका के क्रम सं0–01 एवं 02 पर अंकित निविदाकार **को तकनीकी रूप से सफल मानते हुए इनका दर बीड खोले जाने का निर्णय लिया गया है।**

तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–597, दिनांक–15.07.2026 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ से तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक कर निम्न बिन्दुओं को समाहित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गयाः–

1. निविदाकार (BIDDER) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग/बोर्ड /निगम/उपक्रम से Blacklisted अथवा डिबार नहीं है। साथ ही निविदा के शर्त्तों के अनुरूप किसी प्रकार से अयोग्य घोषित नहीं है।
2. E-Proc-2 निविदाकार (BIDDER) द्वारा Uploaded सभी कागजातों एवं प्रमाण–पत्रों की समुचित जाँच कर ली गयी है तथा तद्नुसार तुलनात्मक विवरणी तैयार कर कार्यवाही में अंकित किया गया है।
3. निविदाकार के विरूद्ध किसी भी न्यायालय के द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश नहीं है तथा निविदाकार (BIDDER) के विरूद्ध किसी भी सरकारी जाँच/अन्वेषण ऐजेन्सी द्वारा कोई जाँच प्रक्रियाधीन नहीं है अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

तदोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं को समाहित करते हुए दिनांक – 21.10.2026 को तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति की बैठक की गयी। बैठक की कार्यवाही (प्रथम श्रेणी कार्यपालक दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत शपथ पत्र के साथ) ज्ञापांक–794/पूर्णियाँ दिनांक–21.10.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध करायी गयी है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ के पत्रांक–778/पूर्णिया, दिनांक–15.10.2026 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के दर बीड् की तुलनात्मक विवरणी पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ, अधीक्षण अभियंता, पूर्णियाँ तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार द्वारा अपना मंतव्य अंकित करते हुए निविदा निष्पादन हेतु सक्षम स्तर/विभागीय निविदा समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु अनुशंसा सहित भेजा गया है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये सफल निविदाकार का दर बीड् (अनुशंसा सहित) की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | फर्म/कम्पनी का नाम | प्राक्कलित राशि | वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा उद्धृत राशि | वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा प्राक्कलित राशि के सापेक्ष में उद्धृत राशि (प्रतिशत में) **कम/अधिक** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **M/S AVIAN INFRASTRUCTURE & ENERGY PVT. LTD.** | 30233.91908 लाख | 30200.66177 लाख | (–) 0.11 प्रतिशत |
| 2 | **M/S NALANDA ENGICON PRIVATE LIMITED** | | 30158.33428 लाख | (–) 0.25 प्रतिशत |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि क्रमांक–02 पर वर्णित निविदाकार **M/S NALANDA ENGICON PRIVATE LIMITED** द्वारा उद्धृत दर **301,58,33,428.00 रुपये (तीन सौ एक करोड़ अट्ठावन लाख तैंतीस हज़ार चार सौ अट्ठाईस रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **302,33,91,908.00 रूपये से 0.25 प्रतिशत कम** है।

**विभागीय निविदा समिति का निर्णय**

1. क्षेत्रीय स्तर पर गठित समिति द्वारा तकनीकी बीड् के मूल्यांकन के क्रम में निविदा से संबंधित निविदाकार द्वारा Uploaded Documents एवं संलग्न कागजातों/दस्तावेजों की सम्यक् जाँच के पश्चात् ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा एकल सफल निविदाकार का दर बीड् अनुशंसा सहित विभागीय निविदा समिति को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है।
2. तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर विभागीय निविदा समिति द्वारा दर बीड् का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया जाता है कि संबंधित कार्यपालक अभियंता दर बीड् में एकल सफल निविदाकार से संबंधित सभी अर्हता एवं कागजातों का समुचित सत्यापनोपरांत व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही LOA निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। यह कार्यपालक अभियंता की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

उपरोक्त के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा पूर्ण विचारोपरांत उक्त आमंत्रित निविदा पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ/अधीक्षण अभियंता, पूर्णियाँ तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार की कृत अनुशंसा एवं न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले सफल निविदाकार **M/S NALANDA ENGICON PRIVATE LIMITED द्वारा** उद्धृत दर **301,58,33,428.00 रुपये (तीन सौ एक करोड़ अट्ठावन लाख तैंतीस हज़ार चार सौ अट्ठाईस रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **302,33,91,908.00 रूपये से 0.25 प्रतिशत कम** है को अनुमोदित करते हुए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| 23/10/26 | 23.10.2026 | 23/10/26 |
| (राम प्रवेश यादव)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार | (विजय कुमार)<br>क्षेत्रीय मुख्य अभियंता<br>(पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ) | (दया शंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता<br>(दक्षिण बिहार)–सह–मुख्य अभियंता (रूपांकण) |
| 23/10/26 | 23/10/26 | 23/10/26 |
| (अभय कुमार सिंह)<br>अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन) | (नित्यानन्द प्रसाद)<br>अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव<br>(मुख्यालय) | (बी. कार्तिकेय धनजी)<br>सचिव |